## शिक्षक संघ सियाराम के रामबाबू शर्मा बने अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी ।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) उपशाखा गंगापुर सिटी कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को निर्वाचन अधिकारी गोपाल लाल गुप्ता, सह निर्वाचन अधिकारी हरि सिंह बरदाला, पर्यवेक्षक महेश जैन एवं सह पर्यवेक्षक सोहनलाल गुप्ता की देखरेख में निर्विरोध संपन्न हुए।

जिसमें सभाध्यक्ष पद पर मनीष झारेडा (प्रधानाचार्य), उपसभाअध्यक्ष पद पर जितेंद्र कुमार लोधा (प्रधानाचार्य) अध्यक्ष पद पर रामबाबू शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राम सिंह गुर्जर, मंत्री पद पर शिवचरण मीणा, कोषाध्यक्ष पद पर हनुमान प्रसाद शर्मा, जिला महासमिति सदस्य शिवजी लाल शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, जगदीश नारायण मिश्र, देवेंद्र शर्मा, गैलेक्सी शर्मा, महेश कुमार जैन, पवन कुमार सैनी सहित 21 और प्रदेश महासमिति के लिए 6 सदस्य बनाए गए।

इस अवसर पर रामदयाल मीणा, जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह खटाना,सोहनलाल गुप्ता, जगदीश नारायण मिश्र, ओम प्रकाश शर्मा, प्रेम प्रकाश मीणा, हरि सिंह मीणा, सुरेश चंद्र शर्मा, शिवजी लाल शर्मा, रामबाबू शर्मा, महेश कुमार जैन,मुरारी लाल गुर्जर, शिवचरण मीणा, प्रणव धाकड, राकेश गुर्जर, राम सिंह गुर्जर, अशोक कुमार एवं सैकडो शिक्षक उपस्थित थे।

# 'देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाना परिषद की पहली प्राथमिकता है'

**भरतपुर (निस)।** भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान के 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाना परिषद की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए संस्थान को अनुसंधान की प्राथमिकताएं निर्धारित करके सभी वैज्ञानिकों, तकनीकी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को एक मिशन के रूप में कार्य करने की आवश्यकता है। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय तिलहन मिशन की शुरुआत करने से आगामी वर्षों में नई तिलहन क्रांति का रास्ता निकलेगा। इसके लिए नवीन तकनीकों जैसे जीन एडिटिंग, स्पीड ब्रीडिंग आदि का प्रयोग करते हुए इस संस्थान को अन्य संस्थानों से प्रतिस्पर्धा करते हुए विश्वस्तरीय अनुसंधान उपलब्धियां प्राप्त करनी होंगी। डॉ. पाठक द्वारा संस्थान में स्पीड ब्रीडिंग प्रयोगशाला की नींव रखी गई एवं बेसिक साइंस काम्प्लेक्स के विस्तार भवन का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. पाठक द्वारा अनुसूचित जाति परियोजना के अंतर्गत 4 किसान उत्पादक समूहों को कृषि उपकरणों का वितरण भी किया गया। सहायक महानिदेशक (तिलहन एवं दलहन) डॉ. संजीव गुप्ता ने सरसों के क्षेत्र में नवीन तकनीकों के प्रयोग और अपरम्परागत क्षेत्रों में इसकी खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे देश में खाद्य तेलों के उत्पादन को बढ़ाया जा सके। उन्होंने सरसों में ओरोबैंकी, सफ़ेद रतुआ और संकर-सरसों के विकास की समस्या के बारे में बात की और वैज्ञानिकों से इसके समाधान के लिए कार्य करने का आ ाहन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ पीके रॉय ने अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले 31 वर्षों में संस्थान ने सरसों की 13 उन्नत किस्मों का विकास किया है और 37 विशिष्ट गुणों वाले जननद्रव्यों को पंजीकृत किया है। इसके साथ ही अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत सरसों की 200 से अधिक किस्मों का विकास किया जा चुका है। इस अवसर पर डॉ एमके चेटली, निदेशक, राष्ट्रीय बकरी अनुसंधान केंद्र, मथुरा, डॉ विनय भारद्वाज, निदेशक, राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र, अजमेर और डॉ एसी राठौर, प्रमुख, केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, के क्षेत्रीय केंद्र, आगरा, ने संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारीयों के कार्यों की सराहना की और नवीन तकनीकों का प्रयोग करते हुए देश में तिलहन उत्पादन को बढ़ाने का आ ाहन किया।

भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान के31वें स्थापना दिवस का आयोजन किया ।

## तम्बाकू एवं नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**बालोतरा, (नि.सं.)।** जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोतरा डॉ. वांकाराम चौधरी ने प्रतिभागियों को तम्बाकू एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से तम्बाकू की रोकथाम करने में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए और राजस्थान तम्बाकू मुक्त प्रदेश बनाने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने तंबाकू टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के पोस्टर का भी विमोचन किया। सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में युवा एक लीडर के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। आज का भारतीय युवा विश्वभर में हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को जीत सकता है। लेकिन उसे भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है। किशोर- किशोरियां फिल्में देखकर धूम्रपान को स्टेटस सिंबल मानने लगा है, यह सही नहीं है। युवाओं को तंबाकू की लत को छोड़ने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है और हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम इस अभियान के माध्यम से युवाओं को तंबाकू उपयोग न करने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर तंबाकू मुक्त प्रदेश बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रोहिताश ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि प्रदेश में तंबाकू नियंत्रण एवं जन जागरूकता की दिशा में प्रभावी प्रयास निरंतर जारी हैं।

## सार-समाचार

### युवा जागरूकता सम्मेलन का आयोजन

**गंगापुर सिटी ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र द्वारा माय भारत इनिशिएटिव के तहत गंगापुर सिटी में नशीली दबा की लत और मादक पदार्थों के सेवन पर जागरूकता शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम में सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अथितियों का माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में युवा मंडलों से जुडे हुए 15 से 29 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया तथा ट्रेनर द्वारा नशा मुक्ति विषय पर ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम आयोजन विवेकानंद युवा मंडल अध्यक्ष रिजुल गर्ग के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश चंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा की देश के सभी युवाओ को अपने जीवन में नशे की लत से दूर रहकर अपने सभी संपर्क के रहे लोग जो नशे में लिप्त है उन्हें इससे बचने के उपाय का प्रयोग करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ हेमंत शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा नशा सेहत के लिए हानिकारक है, इससे केवल दृढ निश्चय से ही बचा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि राज फाऊंडेशन संस्थान के निदेशक कृष्ण बल्लभ शर्मा एवं डॉ सरिता बंसल ने युवाओं के बीच अपने विचार व्यक्त किये। युवाओं को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूक कर प्रेरित करते हुए कहा कि आज युवा नशे की ओर तेजी से बढ रहे हैं जो कि समाज व परिवार के लिए घातक है। हमें मानसिक व शारीरिक तनाव को दूर करने के लिए अच्छे साहित्य सहित संगीत का सहारा लेना चाहिए। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान में रहे युवा मंडल सदस्यों को माय भारत किट देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि युवा मंडलों से जुडे हुए पचास युवा आगामी छ- दिवसों में गांव, ढाणी, घर-घर जाकर,नशा मुक्ति के बारे में जन-जन को जागरूक करेंगे। इस प्रकार पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भी जागरूक किया। कार्यऋम में मंच संचालन सारांश जैन ने किया। इस अवसर पर युवा मंडल अध्यक्ष राहुल जागा, प्रवीण गोयल आदित्य, चंदन, नितेश, राजकुमार, राजपाल, युवती मंडल अध्यक्ष पायल मीणा, काजल जाटव, रोशन मीना, हेमलता जागा एवं कंपाउंड नरेश शर्मा सहित सैकडो युवा उपस्थित रहे।

### शिक्षक संघ चुनाव मे अशोक मीना विजयी

**करौली (नि.स.)।** करौली के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 6 'ाकिारगंज मे राष्ट्रीय शिक्षक संघ के चुनाव संपन्न हुए जिसमे अशोक मीना 64 मतों से विजयी घोषित कर जिला अध्यक्ष चुने गये। रविवार को राउप्रावि नं 6 करौली में राष्ट्रीय शिक्षक संघ के चुनाव हुए जिसमें भारी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया चुनाव पर्यवेक्षक दीनदयाल शर्मा ने बताया कि करौली जिले में शिक्षक संघ राष्ट्रीय के 151 शिक्षक पंजीकृत मतदाता है तीन प्रत्याशी अशोक कुमार मीना,प्रेमराज मीना एवं राकेश कुमार गुप्ता मे जिलाध्यक्ष पद को लेकर मुकाबला हुआ जिसमे अशोक मीना के पक्ष में 98 मत,प्रेमराज मीना के पक्ष में 34 मत पड़े वही अशोक कुमार मीना 64 मतों से विजयी रहे,राकेश कुमार गुप्ता के पक्ष मात्र 1 मत पड़ा अशोक कुमार मीना की विजय पर शिक्षकों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी चुनाव कार्यक्रम में सूरज मित्तल, गिरधारी लाल नामा,हरकेश गुर्जर, राधेश्याम,रामराज मीना,गंगाराम प्रजापत,हरमुख मीना,गणपत मीना,राकेश मीना सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**हिंडौन सिटी ।** क्रीड़ा भारती जयपुर प्रांत कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग उ. मा. आदर्श विद्या मंदिर में 20 अक्टूबर 2024 को आयोजित हुआ । क्रीड़ा भारती जिला करौली के जिला मंत्री हरीश पाठक व सह मंत्री गोपाल रोत्रवाल ने बताया क्रीड़ा भारती का एक दिवसीय प्रांत कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग उद्घाटन बयाना रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित हुआ । क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी,संगठन विस्तार, मातृशक्ति को संगठन से जोड़ने, आगामी 8 दिसंबर को प्रस्तावित क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन कराने, जाति प्रथा से प्रभावित हुए बिना खेल से राष्ट्रीय चरित्र निर्माण में निरंतर लगे रहने, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के विषय में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। क्षेत्रीय संयोजक मेघ सिंह चौहान ने संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि, खेल के स्वत्व(भारतीय) के विचार को विश्व स्तर पर पहुंचाने एवं क्रीड़ा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री रामस्वरूप कन्नौजिया एवं प्रांतमंत्री कैलाश शर्मा ने संगठन के विविध आयामों के प्रमुखों से संबंधित कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं से आग्रह किया।इस दौरान जयपुर प्रांत के समस्त जिला विभाग संयोजक एवं जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सवाई माधोपुर विभाग के विभाग संयोजक रहे राजेंद्र सिंह को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व प्रदान किया गया। करौली जिला मंत्री रहे हरीश पाठक को सवाई माधोपुर विभाग के विभाग संयोजक तथा करौली जिले के सह मंत्री गोपाल सिंह रौत्रवाल को करौली जिला मंत्री का दायित्व दिया गया है।

### व्यायामशाला समिति की बैठक आयोजित

**भरतपुर (निस)।** महारानी किशोरी व्यायामशाला समिति की बैठक रविवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में इस बार आयोजित किये जाने वाले महारानी किशोरी कुश्ती दंगल की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में इस बार बृज केसरी के खिताब को बढाने पर चर्चा कर इसे दंगल में करवाने का निर्णय लिया गया। अन्य किताबों की कुश्तियां पूर्व की भांति आयोजित होंगी। बैठक में आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों के गठन पर भी चर्चा हुई। बैठक में शमिल कुश्ती उन्नयकों द्वारा कहा गया कि इस बार महिला पहलवानों की पुरूस्कार राशि बढाने व उन्हें बेहतर सुविधायें देने के लिये नये भामाशाहों से सम्पर्क किया जावेगा। अंतर्राष्ट्रीय नियमों से आयोजित होने वाले दंगल के लिए कई अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर की पहलवानों को आमंत्रित किये जाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में श्याम सुन्दर गौड, संजीव चीनिया, सुरजीत सिंह, कपिल फौजदार, विजय सिंह कोंरिर, रेंजर मानसिंह, दाउदयाल जोशी, रामेश्वर शर्मा, हिटलर सिंह, पंकज गोयल, यदुवीर सिनसिनी आदि उपस्थित थे।

### शिक्षक सम्मेलन 25 एवं 26 को

**भरतपुर (निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन 25 एवं 26 अक्टूबर को हिंदी साहित्य समिति लक्ष्मण मन्दिर भरतपुर मे आयोजित होगा,। सम्मेलन की तैयारी के लिए अशोक पाराशर प्रांतीय संरक्षक की अध्यक्षता मे विश्वप्रीय शास्त्री पार्क मे आयोजित की गयी, जिसमे आयोजन समिति द्वारा सम्मेलन की समस्त तैयारियों के बारे मे विस्तृत चर्चा की गयी एवं दायित्व सौंपे गए, साथ ही शिक्षा, शिक्षक एवम शिक्षार्थी से सम्बंधित वर्तमान समस्या एवं निदान के बारे मे बिंदुवार चर्चा की गयी। इस अवसर पर श्याम सिंह जघईना ने कहा कि शिक्षक सम्मेलन शिक्षा जगत के लिए ऐसा मंच है जहाँ शिक्षक, अधिकारी एवम जनप्रतिनिधि मिलकर शिक्षा के उन्नयन के बारे मे विचार विमर्श करते है। अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री पवन शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन मे शिक्षा एवं शिक्षको से संबंधित प्रस्ताव पारित कर राज्य को भेजे जाते हैं। बैठक मे जिला अध्यक्ष होतीलाल जैमन, ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर कटारा, दीपक प्रजापति आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मेव समाज के प्रमुख पंच पटेलों की बैठक आयोजित

**डीग भरतपुर (निस)।** मेव समाज के प्रमुख पंच पटेलों की बैठक किसान नेता मोहना गुर्जर के आव्हान पर गदरवास में आमीन मास्टर के घर पर आयोजित की गई। जिसमें जिला परिषद सदस्य मोहना गुर्जर ने समाज का आव्हान किया कि ऑनलाइन ठगी के अपराध को एवं गौ हत्या और गैर कानूनी कृत्यों से अपने गांवों को पूर्णत: दूर करे व भटके हुए युवाओं को कारोबार की मुख्य धारा से जोड़े। गुर्जर ने कहा देश में ऑनलाइन व्यापार चलने के बाद ऑनलाइन ठगी का काम हमारे क्षेत्र में तेजी से बढ़ा जिससे क्षेत्र और समाज दोनों बदनाम हुए। यह नहीं रोका गया तो समाज का इतना नैतिक पतन हो जाएगा कि आपसी झगड़े अनैतिक कार्य व समाज की मान मर्यादाएं सभी भंग हो जाएगी। समाज की जो सामाजिक लाइन है उनकी परंपराओं को कायम रखने के लिए मेव समाज को अपने गौरवशाली इतिहास की तरफ झांकना चाहिए। समाज में व्याप्त अनैतिक कार्यों की वजह से मेव समाज से हिन्दू समाज का विश्वास कम हुआ है।

हमारे समाज की बहुलता वादी संस्कृति के समन्वय को बनाए रखने के लिए सभी समाजों में सामंजस और विश्वास बनाए रखना जरूरी है तथा कानून व कानून की पालना कराने वाले प्रशासन के साथ काम करने के लिए जरूरी है कि गैर कानूनी कार्य करने वाले लोगों को रोका जाए तथा नहीं रुकने पर उन्हें कानून के हवाले किया जाए। गुर्जर ने कहा कि हमारे देश में जब कोई संकट आया है तो देश के संकट के समय में सभी वर्गों के लोगों ने राष्ट्र की मजबूती के लिए कुर्बानियां दी। इस मौके पर करमूका, गदरवास, भयाडी तीनों गांवों के सभी पंच पटेल मौजूद थे।

## प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह मनाया जावेगा

**भरतपुर (निस)।** अग्रवाल सीनियर सिटीजन कल्याण समिति भरतपुर द्वारा सोमवार को अपरांह 2.30 बजे से ओम कॉम्पलेक्स भरतपुर में स्नेह मिलन एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह-2024 मनाया जावेगा। महामंत्री महेश सिंघल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि सीए अतुल मित्तल (अध्यक्ष जिला अग्रवाल महासभा भरतपुर) अध्यक्ष अनुराग गर्ग (राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन) तथा विशिष्ठ अतिथि मुकेश सिंघल (महामंत्री जिला अग्रवाल महासभा), देवेन्द्र चामड (अध्यक्ष गायत्री शक्तिपीठ भरतपुर), शंकरलाल अग्रवाल (प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति) होंगे। समारोह में जिला अग्रवाल महासभा द्वारा चयनित पदाधिकारियों का सम्मान किया जावेगा ।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में निर्मल के खिलाड़ियों का दबदबा

**हिंडौन सिटी ।** विगत तीन चरणों में आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिताओं में 84 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन होने के बाद अब एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी निर्मल के खिलाड़ियों का दबदबा है। जिसमें अलग-अलग इवेंटों में 8 गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल पर निर्मल के खिलाड़ियों ने कब्जा जमाया है। निर्मल एजुकेशन ग्रुप के निदेशक मनीष चौधरी एवं निर्मल हैप्पी उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य किंदूरी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 18 अक्टूबर से स्वर्गीय चिरंजीलाल उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली के तत्वावधान में आयोजित हो रही जिला स्तरीय माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दौरान त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम में अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन कर सुनील कुमार ने ऊंची कूद में गोल्ड मेडल हासिल किया है तो वहीं नेहा छाबड़ी ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल , अनामिका चौधरी ने 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल, सुनील कुमार ने 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल,अनामिका चौधरी ने 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल, सुनील कुमार ने 110 मीटर वाधा दौड़ में गोल्ड मेडल, संदीप गुर्जर ने 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। इसी प्रकार 4 100 मीटर रिले दौड़ में सुनील कुमार, कुलदीप सिंह, संदीप, विष्णु गुर्जर ने गोल्ड मेडल जीता है । इसी प्रतियोता में कुलदीप सिंह 3000 मीटर दौड़ सिल्वर मेडल जीतकर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी निर्मल का दबदबा शाबित किया है । इसी प्रकार संदीप लम्बी कूद में, नेहा छाबड़ी 3000 मीटर वाक दौड में व कुलदीप हैमर थ्रो जिला विजेता रहा है ।

इन सभी विजेता खिलाड़ियों को निर्मल ग्रुप के सभी पदाधिकारी और कार्मिकों ने हार्दिक बधाई दी है। गौरतलब है कि गत दिनों आयोजित हुई तीन चरणों की खेलकूद प्रतियोगिता में भी निर्मल के विद्यार्थियों का दबदबा रहा है। जिसमें कबड्डी में 11 ,क्रिकेट में 19, खो खो में 3, टेबल टेनिस में 2, ताइक्वांडो में एक, नेटबॉल में 8, बैडमिंटन में 2, रग्बी फुटबॉल में 6, राइफल शूटिंग में 2, वॉलीबॉल में 4, शतरंज में 1, सॉफ्टवॉल में 23 और हॉकी में दो खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ था।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**गंगापुर सिटी,(निसं)।** पीलोदा थाना क्षेत्र के छोटी उदेई गांव में रविवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग का मामला सामने आया है।

फायरिंग में एक युवक के पैर में गोली लगने से वह गंभीर घायल हो गया। इस दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई। बाद में घायल को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में लेकर आए, जहां हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

घायल मुनीराज मीणा पुत्र कैलाश चंद निवासी छोटी उदेई ने बताया कि वह सुबह साढ़े दस बजे घर पर पुताई का काम कर रहा था।

इस दौरान महेन्द्र जोगी सहित चार लोग गाड़ी में बैठकर आए और इतने में ही उन्होंने पहले तो हवा में फायरिंग की।

- **फायरिंग में एक घायल, गम्भीर अस्वथा में घायल को जयपुर रैफर किया**

बाद में मारपीट कर उन्होंने उसके ऊपर फायरिंग कर दी। जिससे उसके पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। बदमाश इसे गाड़ी में डालकर ले जा रहे थे, लेकिन यहां गंगापुर लड्डू राम बाबा की समाधि के पास में जोगीकापुरा में सड़क पर गिट्टियां पड़ी होने के कारण गाड़ी इसमें फंस गई, जिसके कारण बदमाश गाड़ी में घायल को छोड़कर भाग गए।

सूचना मिलने पर उदेई मोड़ थाना पुलिस जोगीकापुरा में पहुंची और पुलिस ने कार को जब्त कर ली। वहीं घायल को गंगापुर सिटी के राजकीय जिला अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां मुनीराज मीना की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया। इस दौरान जिला अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई। कोतवाली थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह भी जिला अस्पताल में पहुंचे।

पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीना ने बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चल रही है। इसी को लेकर फायरिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग जगहों पर टीम को रवाना कर दिया है। पुलिस ने घायल के पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## चौथ पर्व मनाया

**भरतपुर (निस)।** प्रताप कोलोनी स्थित प्राचीन जनकामेश्वर महादेव एवं हनुमान जी मंदिर के प्रांगण में निश्चल प्रेम और अखंड सौभाग्य का करवा चौथ का पर्व बडी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

निर्मला शर्मा के द्वारा बताया कि स्थानीय महिलाओं ने अखंड सुहाग की कामना के साथ निर्जला व्रत रखा व रात को चंद्रमा को अर्ध्य देकर व्रत खोला।

इससे पूर्व शनिवार को सुहागिनों ने मेहंदी रचाई। सभी महिलाओं को करवा चौथ की कहानी सुनाकर पूजा करवाई एवं अपने पति की लम्बी उम्र की कामना की।

इस अवसर पर उषा नारंग, मनजीत चाची, रीना अरोडा, रितु शर्मा, उषा अरोडा, नीलू नांरग, गुडिया, कृष्णा शर्मा, मंजू शर्मा, कोमल, मुन्नी, सोनिया आदि महिलायें उपस्थित रही।

## पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**करौली (नि.स.)।** मासलपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र में गत 5 दिन पूर्व बैंक मित्र के साथ 3.50 लाख रुपए कि हुई लूट के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। करौली जिले के मासलपुर डाग क्षेत्र कि रोहर घाटी में बैंक मित्र बीसी के साथ गत 5 दिन पूर्व लूट कि वारदात को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक रेंज भरतपुर एवं जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय द्वारा वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक गुमनाराम और पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम के निर्देशन में गठित पुलिस टीम में शामिल मासलपुर थाना अधिकारी नीरज कुमार, सब उपनिरीक्षक हरवीर सिंह, हैड कांस्टेबल परमजीत सिंह,कांस्टेबल राजेश कुमार, रविंद्र सिंह, विक्रम सिंह की टीम ने साइबर टीम के जिलेसिंह, हैड कांस्टेबल मनीष कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, कांस्टेबल भास्कर के टेक्निकल व डिजिटल साक्ष्य कि त्रिवत कार्यवाही के सहयोग मिलने से मासलपुर थाना पुलिस टीम ने लूट के आरोपियों तक पहुंची और लूट के चार साथी अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल हुए जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि गत 14 नवंबर को रिंकू सिंह पुत्र रामफूल माली निवासी काछीपुरा ने मासलपुर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया।

## मंजूनाथ बने संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष

**भरतपुर (निस)।** विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक संगीतज्ञ प्रोफेसर डॉ मैसूर मंजूनाथ तीन वर्ष के लिए सर्वसम्मति से निर्विरोध संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचित अध्यक्ष ने ऑनलाइन घोषणा की कि प्रसिद्ध अभिनेता.निर्देशक नीतीश भारद्वाज, मुंबई, कला विशेषज्ञ हेमलता एस मोहन; रांची, वरिष्ठ संस्कृति कर्मी डॉ रवींद्र भारती; जयपुर, संस्कार भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष होंगे।

प्रसिद्ध सुरबहार वादक डॉ अश्विन दलवी; जयपुर, अखिल भारतीय महामंत्री होंगे। अभिजीत गोखले; दिल्ली, अखिल भारतीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय मंत्री रवि बेडेकर; नासिक, निलाँजना रॉय; कोलकाता, अनुपम भटनागर; दिल्ली, आशुतोष अडोनी; नागपुर और संजय चौधरी, सुभाष चंद्र अग्रवाल; आगरा, कोषाध्यक्ष और श्रीपाद जोशी उज्जैन, सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। संस्कार भारती कला जगत का संगठन है। भारतीय कला जगत का संचालन भारतीय कला दृष्टि के आधार पर हो, इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ऐसी बैठकों में योजना कार्यक्रम उपक्रम प्रकल्प इत्यादि नियोजित किए जाते हैं और आयोजित भी।

विचार आधारित प्रस्तुतियां हो इस दृष्टि से कला, शिक्षा, अध्ययन, समीक्षा, श्रोता, संस्थाएं सृजन, नीति निर्धारण इत्यादि में संस्कार भारती कार्य आगे बढ़ाने का विचार हुआ है। जिसमें देश के कलाकारों सहित कला जगत के अन्य घटकों में कार्य का विस्तार करने और विभिन्न कला विधाओं के चर्चा केंद्र, कला सर्कल आदि उपक्रम विशेषत: नगरों में शुरू किए जाने का निर्णय हुआ है। सामाजिक समरसता विषय पर फरवरी में बेंगलुरु में हुए अखिल भारतीय कला साधक संगम की उपलब्धियां की समीक्षा की गई है उसके साथ ही इस वर्ष का भरतमुनि सम्मान दो कला विभागों. एक मंचीय कला और दूसरे साहित्य; भारतीय भाषाओं में प्रदान करने का निर्णय हुआ है। जिसमें प्रत्येक को 1,51,000 रुपए की राशि, एक प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। गत सितंबर माह में चेन्नई के आईआईटी परिसर में तीन दिन की अखिल भारतीय रंगोली की कार्यशाला जिसमें देश के 20 राज्यों से 934 प्रतिभागियों ने भाग लिया था उनमें 57 प्रतिभागी आईआईटी संस्थान के ही थे, की समीक्षा की गयी। ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

भारत की कला और संस्कृति के चिह्न विश्व में अनेक देशों में दिखाई पड़ते हैं। यूरोप के स्लाविक और बाल्टिक देशों के प्रकृति पूजक मूल समुदाय आज भी भारतीय संस्कृति से निकटता अनुभव करते हैं। सांस्कृतिक आदान प्रदान के उद्देश्य से पोलैंड के एक सांस्कृतिक दुनायोवी को भारत में निमंत्रित किया गया था।

## लायंस क्लब के सेवा सप्ताह का समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**भरतपुर (निस)।** लायंस क्लब भरतपुर डायमंड द्वारा सेवा सप्ताह का समापन एवं सम्मान समारोह व रीजन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा का आयोजन बृज की लाडली राधा रानी जी सरकार के धाम बरसाना में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम क्लब अध्यक्ष सुरेश सुनार ने मंचासीन अतिथियों व सभागार में उपस्थित लायन सदस्यों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन किया। उन्होंने सेवा सप्ताह को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम संयोजकों व सभी लायन साथियों का आभार व्यक्त किया।

- **सेवा सप्ताह संयोजक हरिओम बंसल ने क्लब द्वारा सेवा सप्ताह में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी**

इस अवसर रीजन चेयरपर्सन प्रवीण फौजदार, रीजन एडमिंस्ट्रेटर प्रेम पाल सिंह, जोन चेयरमैन डा जनक बाबू शर्मा, सेवा सप्ताह संयोजक हरिओम बंसल, कार्यक्रम संयोजक सुभाष जी जयंती वाले, पुष्पेंद्र गोयल, संस्थापक अध्यक्ष मोहन लाल महेश्वरी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

सेवा सप्ताह संयोजक हरिओम बंसल ने क्लब द्वारा सेवा सप्ताह में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा सेवा सप्ताह के सहयोगियों को दुपट्टा तथा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। जिनमे निशुल्क भोजन वितरण के लिए कपूर गोयल, ओमप्रकाश एडवोकेट, सड़क सुरक्षा एवम जागरुकता के लिए शिवलहरी शर्मा, रविंद्र अग्रवाल, दिव्यांग सहायता के लिए मोहन माहेश्वरी, ओमप्रकाश गुप्ता, डा राकेश सोलंकी, धनेश सिंघल, सूरज भान गर्ग, रमेश गर्ग, डायबिटीज चेकअप के लिए पंकज बंसल, सुभाष रेलवे वाले, स्कूली बच्चों के स्वास्थय परीक्षण के लिए कपिल गुप्ता, राकेश गुप्ता, अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए फल वितरित करने के लिए दीपक धुवालिया, राजेंद्र गर्ग, मातृ-पितृ सम्मान के लिए विष्णु गोयल, राजेन्द्र सिंघल और समापन कार्यक्रम में भोजन प्रसादी के लिए सुभाष जयंती वाले, पुष्पेंद्र गोयल को सम्मानित किया।

उन्होंने बताया सेवा सप्ताह के अंतर्गत क्लब सदस्यो द्वारा लगभग 2.50 लाख रूपए की सहायता राशि जरूरत मंद लोगों पर खर्च की गई। इस अवसर पर सेवा सप्ताह के सफल आयोजन के लिए क्लब अध्यक्ष सुरेश सुनार, सचिव उपेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष मोहन महावर का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन ने क्